**पद:** परामर्शदाता-हिंदी
**पद कोड** : सीओएन-12

**अवधि :** यह पद एक वर्ष की अवधि के लिए कोंट्रेक्ट आधारित होगा।

**समेकित वेतन :** अनुभव व योग्यता के आधार पर 60,000/- रु. से लेकर 90,000/-रु. मासिक।

**कार्य का विवरण** : बाइरैक में राजभाषा अधिनियम का कार्यान्वयन व राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबन्धित मामलों का निष्पादन।

| **मुख्य दायित्व :** | **आवश्यक योग्यता:** |
|---|---|
| i. संगठन के लिए राजभाषा संबंधी प्रावधानों को लागू करना और संबन्धित वैधानिक लक्ष्यों को पूरा करना।<br>ii. राजभाषा अधिनियम से संबन्धित सभी अनुपालन सुनिश्चित करना।<br>iii. हिंदी त्रैमासिक/छमाही रिपोर्ट तैयार करना, समन्वय करना और भेजना।<br>iv. हिंदी समिति की बैठकों का समन्वय।<br>v. हिंदी कार्यशालाओं / प्रशिक्षण और हिंदी पखवाडे का आयोजन।<br>vi. पत्र, आदेश, कार्यालय ज्ञापन, हिंदी में सभी पत्राचार सहित आधिकारिक संचार का अनुवाद।<br>vii. बाइरैक वेबसाइट के लिए हिंदी में प्रपत्र और अन्य सामग्री तैयार करना।<br>viii. राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रगामी उपयोग से संबंधित सभी मामलों का समन्वय।<br>ix. संगठन के सभी हिंदी प्रकाशन, विज्ञापन, वैज्ञानिक साहित्य और वार्षिक रिपोर्ट को ठीक करना (proofreading)।<br>x. मुख्य मंत्रालय/ विभाग के साथ राजभाषा से संबंधित अनुपालन हेतु समन्वय बनाना। | i. हिंदी में मास्टर डिग्री किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से, डिग्री स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ।<br>ii. अंग्रेजी से हिंदी और इसके विपरीत अनुवाद में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स।<br>iii. डिप्लोमा या सर्टिफिकेट हिंदी टाइपिंग के लिए।<br><br>**वांछनीय योग्यता:**<br>i. भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रावधानों के ज्ञान के साथ संबंधित नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों से सुपरिचित होना।<br>ii. हिंदी टाइपिंग और अनुवाद का व्यापक ज्ञान।<br><br>**अनुभव** :3-10 वर्ष<br><br>राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन या हिन्दी में पारिभाषिक काम से संबंधित मुख्यता सरकार (केन्द्र / राज्य) में तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में न्यूनतम 3 वर्षो का अनुभव।<br><br>**आयु सीमा:** अधिकतम 45 वर्ष दिनांक 18/10/2022 तक |